# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

### चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी प्राथमिकताएं उनके सामने रखकर वोट मांग रहे हैं। मतदान 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होगा।

इस बीच पंचायती राज चुनाव के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, मतदान सामग्री प्रबंधन और मतदान केंद्रों पर पालन किए जाने वाले नियमों की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही चुनाव कर्मियों को मतपेटी के उपयोग और चुनाव प्रक्रिया का अभ्यास भी करवाया जा रहा है।

### शहरी निकाय चुनाव

प्रदेश में 47 शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कांग्रेस व भाजपा दोनों ही प्रमुख दल इन चुनावों में अपनी–अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता**

भाजपा के मजबूत गढ़ माने जाने वाले मंडी में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों के बेहतर प्रदर्शन ने सियासी हलकों में नई बहस छेड़ दी है। सबसे बड़ा झटका भाजपा को नेरचौक में लगा जहां कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 9 में से 8 वार्ड अपने नाम कर लिए। वहीं सुंदरनगर में भाजपा ने जोरदार वापसी करते हुए 9 सीटों पर जीत हासिल कर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी। जिले के छह शहरी निकायों के कुल 48 वार्डों में कांग्रेस समर्थित 23, भाजपा समर्थित 19 और 6 निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे हैं। करसोग और रिवालसर में भी कांग्रेस ने बढ़त बनाई जबकि जोगिंद्रनगर और सुंदरनगर भाजपा के पक्ष में रहे। अब नजर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव पर है जहां कई जगह निर्दलीय पार्षद सत्ता की चाबी बन सकते हैं। उधर, पूरे प्रदेश की नजरें अब 31 मई को आने वाले नगर निगम चुनाव परिणामों पर टिक गई हैं।

### हाईकोर्ट

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने ईंधन और सरकारी खर्च बचाने के लिए अहम फैसला लिया है। अब हाईकोर्ट के न्यायाधीश दफ्तर आने–जाने के लिए कार पूलिंग करेंगे और इसके साथ ही 50 फ़ीसदी कर्मचारी सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम पर रहेंगे।

**अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता**

केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश भी कार पुलिंग करेंगे यानी एक ही गाड़ी में कई न्यायाधीश दफ्तर आयेंगे ताकि पेट्रोल की खपत कम हो सके। साथ ही हाईकोर्ट के 50 फीसदी कर्मचारियों को सप्ताह में अधिकतम दो दिन घर से काम करने **वर्क फ्रॉम होम** की सुविधा दी गई है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने इस व्यवस्था को तुरंत लागू करने के आदेश दिए हैं। इन आदेशों के बाद रजिस्ट्रार जनरल भूपेश शर्मा की ओर से आधिकारिक सर्कुलर भी जारी किया गया है। सर्कुलर के अनुसार बढ़ते खर्चों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से हिमाचल हाईकोर्ट ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दी है। इसके तहत रजिस्ट्री की प्रत्येक शाखा या सेक्शन का 50 फीसदी स्टाफ हफ्ते में अधिकतम दो दिन घर से काम करेगा। कामकाज प्रभावित न हो इसके लिए बाकी का 50 फीसदी स्टाफ ऑफिस में मौजूद रहेगा। रजिस्ट्रार को सप्ताह शुरू होने से पहले साप्ताहिक रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## शैक्षणिक गुणवत्ता

प्रदेश शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी सरकारी स्कूलों को हर कक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों की शिक्षा और वार्षिक परिणामों में सुधार करना है। जिन विद्यार्थियों की शारीरिक उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत नहीं होगी, उन्हें वार्षिक परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे हर महीने कम उपस्थिति वाले छात्रों की सूची नोटिस बोर्ड पर लगाएं और उनके अभिभावकों को समय रहते चेतावनी भेजें। आदेशों की अवहेलना करने वाले स्कूलों और अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## केवल सिंह पठानिया

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में रोपवे एवं तीव्र परिवहन विकास निगम की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नड्डी जिपलाइन परियोजना की प्रगति एवं विभिन्न विभागीय औपचारिकताओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा परियोजना से संबंधित वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गई। पठानिया ने उपायुक्त कांगड़ा को एन ए सी प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों को आवश्यक एन ओ सी शीघ्र जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नड्डी जिपलाइन परियोजना में साहसिक पर्यटन को नई पहचान प्रदान करेगी तथा इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## आयुष्मान भारत योजना

केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना गरीब परिवारों के लिए कारगर साबित हो रही है। इसी कड़ी में मंडी जिला के माघेल गांव के रहने वाले एक बेहद गरीब मरीज नेतर सिंह के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं रही। नेतर सिंह गंभीर बीमारी से पीड़ित हो गए थे। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के लिए अस्पताल का खर्च उठाना संभव नहीं था। ऐसे में जोनल अस्पताल मंडी में आयुष्मान मित्र ने उनका गोल्डन कार्ड बनवाकर पूरा इलाज मुफ्त में किया गया। मंडी जिले में अब तक 85 फीसदी से ज्यादा परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और जिले के 14 अस्पताल इस योजना से जुड़े हैं।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश में मैदानी इलाकों सहित पहाड़ों पर भी तपिश बढ़ने लगी है। राज्य के कई क्षेत्रों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। ऊना का अधिकतम तापमान लगभग 40 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने मैदानी जिलों कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी और सिरमौर में आज लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है जबकि जनजातीय जिलों किन्नौर और लाहौल स्पीति में बारिश होने की संभावना जताई है।